हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार 26 मई 2026

तापमान
अधिकतम 43.0 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

10 संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करें किसान



10 गायनी वार्ड के पास से मिलेगी जच्चा और बच्चा को....



## खबर संक्षेप

### फोन हैक कर क्रेडिट कार्ड से उड़ाए 2 लाख 22 हजार

**जींद।** सेक्टर 26 निवासी प्राध्यापिक प्रियंका रानी के क्रेडिट कार्ड से साइबर ठगों ने फोन हैक करके दो लाख 22 हजार 883 रुपये किसी दूसरे खाते में ट्रांसफर कर लिए। साइबर थाना पुलिस ने प्रियंका रानी की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में प्रियंका ने कहा कि वह सीनियर सेकेंडरी स्कूल कालवा में प्राध्यापक है। उसके पास आईसीआईसीआई बैंक का क्रेडिट कार्ड है।

### बुजुर्ग व्यक्ति की दो सोने की अंगूठी लूटी

**जींद।** गांव उझाना के निकट बरवाला ब्रांच नहर पर अज्ञात युवकों ने बाइक सवार बुजुर्ग की दो सोने की अंगूठी लूट ली और फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर गढ़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। गढ़ी थाना पुलिस को दी शिकायत में कैथल जिले के गांव फिरोजपुर निवासी 60 वर्षीय ओमप्रकाश ने कहा कि वह बाइक से नरवाना के खरल गांव जा रहा था। जब वह उझाना गांव के पास से गुजर रही बरवाला ब्रांच नहर पर पहुंचा तो उसके सामने एक सफेद रंग की कार आकर रुकी।

### बिना ओटीपी-ट्रांसफर किए पांच लाख गायब

**जींद।** साइबर थाना पुलिस ने बैंक खाते से पांच लाख गायब होने पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हालांकि पहले तो बैंक ने अपनी गलती मानते हुए पैसे वापस खाते में डाल दिए लेकिन बाद में यह कहते हुए पैसे वापस खाते से काट लिए कि इसमें बैंक की गलती नही थी। साइबर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव पिंडारा निवासी भागमल ने साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह किरयाना की दुकान चलाता है।

### तीन साल से फरार चल रहा आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** साइबर थाना जींद पुलिस ने ऑनलाइन धोखाधड़ी में लाखों रुपये हड़पने के मामले में तीन साल से फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। थाना साइबर क्राईम जींद के प्रभारी उपनिरीक्षक जगदीप सिंह ने बताया कि अर्बन एस्टेट निवासी संजीव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके मोबाइल पर एक अन्य मोबाइल नंबर से कॉल आई ओर कहा कि वह उसके खाते में कुछ पैसे ट्रांसफर कर रहा है तथा एक या दो दिन बाद वापस ले लेगा।

### कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा 28 को कैथल में

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक 28 मई को सुबह 9 बजे आरकेएसडी कॉलेज के सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा करेंगे। बैठक में विभागाध्यक्ष मौजूद रहेंगे, ताकि बैठक में रखे गए सभी समस्याओं एवं परिवादों का मौके पर समाधान हो सकें।

### गंडासी-कस्सी से हमला कर किया घायल, केस

**कैथल।** चीका के गांव खरौदी में पानी की बारी को लेकर खेत में विवाद इतना बढ़ गया कि किसान पर गंडासी और कस्सी से हमला कर दिया। हमले में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके शरीर पर 7 चोटें आई हैं। शिकायत पर गुहला थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव खरौदी निवासी रुलदु सिंह ने बताया कि वह खेती-बाड़ी करता है। करीब 8 साल पहले उसके पिता जागर सिंह और ताऊ मगर सिंह ने मिलकर सवा 6 किले जमीन खरीदी थी। दोनों की जमीन पर साझा ट्यूबवेल कनेक्शन है और पानी की बारी बंधी है। 23 मई की सुबह 10:30 बजे वह अपनी बारी के अनुसार खेत में पानी लगाने पहुंचा था।

## मोदी के नेतृत्व में सामाजिक जागरूकता, महिला सशक्तिकरण व ऊर्जा संरक्षण को लेकर चलाए जा रहे अभियान

# प्रत्येक नागरिक ऊर्जा संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी समझे : मनोहर

### केंद्रीय मंत्री ने सेल्फी विद डॉटर अभियान के जनक सुनील बीबीपुर से उनके आवास पर की मुलाकात

### कन्या भ्रूण हत्या-लिंग भेदभाव जैसी कुरीतियों को समाप्त करने के लिए सामाजिक मुहिम अत्यंत आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक ऊर्जा संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी समझे तो देश आत्मनिर्भरता की दिशा में और अधिक मजबूत होगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सामाजिक जागरूकता, महिला सशक्तिकरण और ऊर्जा संरक्षण को लेकर लगातार जनभागीदारी आधारित अभियान चलाए जा रहे हैं। इन अभियानों का उद्देश्य केवल सरकारी योजनाओं तक सीमित नहीं बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा देना है। केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल सोमवार को बीबीपुर गांव में पूर्व सरपंच सुनील बीबीपुर के आवास पर पहुंचे और उनके द्वारा चलाई गई सेल्फी विद डॉटर मुहिम को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाली ऐतिहासिक पहल बताया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान से प्रेरित होकर बीबीपुर गांव से शुरू हुई सेल्फी विद डॉटर मुहिम ने न केवल देश बल्कि विदेशों तक अपनी अलग पहचान बनाई। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं अपने लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात में इस मुहिम का उल्लेख करते इसकी सराहना की है। जिसके बाद यह अभियान देशभर में बेटियों के सम्मान और जागरूकता का प्रतीक बन गया। कहा कि समाज में फैली कन्या भ्रूण हत्या लिंग भेदभाव और बेटियों के प्रति नकारात्मक सोच जैसी कुरीतियों को समाप्त करने के लिए इस प्रकार की सकारात्मक सामाजिक मुहिम अत्यंत आवश्यक हैं। ऐसे प्रयासों से समाज में जागरूकता आती है और लोगों की सोच में बदलाव होता है। कहा कि बीबीपुर ने सामाजिक चेतना की दिशा में जो उदाहरण प्रस्तुत किया है, वह अन्य गांवों और समाज के लिए भी प्रेरणादायक है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे ईंधन बचाओ अभियान का भी उल्लेख किया। कहा कि ऊर्जा संरक्षण आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और प्रधानमंत्री की सोच को जमीनी स्तर पर उतारने के लिए छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े परिणाम दे सकते हैं। आमजन से आह्वान करते कहा कि अपने दैनिक जीवन में छोटे बदलाव अपना कर ईंधन-ऊर्जा की बचत कर सकते हैं।



**जींद।** गांव बीबीपुर के पूर्व सरपंच सुनील की बेटियों से मिलते केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल। *फोटो :हरिभूमि*

### सार्वजनिक वाहन चुनें

कहा कि निजी वाहन का अनावश्यक रूप से प्रयोग कम कर सार्वजनिक वाहनों का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करना, बिजली उपकरणों का सोच समझ कर उपयोग करना तथा सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना जैसे कदम देशहित में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इस दौरान डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा, मुख्यमंत्री के ओएसडी प्रभलीन, बीजेपी के जिला प्रधान तेजेंद्र ढूल, हिसार जिला के प्रभारी जवाहर सैनी, जुलाना विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी, पूर्व सरपंच सुनील जागलान व उनके परिजन तथा जींद के एसडीएम सत्यवान सिंह मान के अलावा ग्रामीण उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल रविवार को दो दिवसीय दौरे के दौरान देर सायं जींद में पहुंचे थे। इस दौरान मंत्री ने डिप्टी स्पीकर, बीजेपी के पूर्व जिला प्रधान राजकुमार व जवाहर सैनी के निवास पर पहुंच कर जलपान किया और आत्मिक भेंट की।



**जींद।** सुनील जागलान से बातचीत करते केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल।

### देश में बिजली की कमी नहीं: केंद्रीय मंत्री

■ पेट्रोल व डीजल के साथ सोना भी कम खरीदने का आह्वान

**जींद।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि देश के अंदर बिजली की कोई कमी नहीं है। प्रदेश में अगर कोई कमी है तो वह उनको अपने स्तर पर पूरा करना होगा। मई और जून में सबसे ज्यादा मांग बिजली की होती है। 2024 के अंदर देश में सबसे ज्यादा बिजली की मांग आई थी 250 मेगावाट की। जिसमें सरकार 249 मेगावाट का पावर हाउस दे पाई थी। अगर कहीं भी छोटी-मोटी कमी रहती है तो वह प्रदेश की कमियों के कारण रहती है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल सोमवार को सेल्फी विद डॉटर के जनक गांव बीबीपुर के पूर्व सरपंच सुनील के साथ मिलने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने सामाजिक बातों पर भी चर्चा की। केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल ने कहा कि आमजन को भी पता है कि गर्मी के पीक में बिजली का ज्यादा लोड रहता है लेकिन हम जो कमियां रही हैं उनका पूरा करेंगे। 21 मई को जो डिमांड 271 मेगावाट की थी वो अब घटकर 255 पर आ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पेट्रोल डीजल बचाओ पर उन्होंने कहा कि आज भी मैं तीन गाडियों के काफिले में आया हूं। लोग मेरे साथ गाडियों में जाने की बात कहते हैं लेकिन मैं उनको मना कर देता हूं। यह आह्वान देश के हित के लिए है। पेट्रोल और डीजल के साथ सोने का भी कम खरीद की बात कही है। इससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है।

## एसडीओ सहित पांच के खिलाफ केस

■ बिजली निगम के अधिकारियों व कर्मियों पर लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव पाजू खुर्द में गत 22 मई को किसान के तूड़े के कूपों में लगी आग के मामले में अब सफीदों सदर थाना पुलिस ने एसडीओ जेई व लाइमैन समेत पांच लोगों पर लापरवाही का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सफीदों सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में पाजू खुर्द गांव निवासी जयबीर ने कहा कि उसने अपने खेतों में 13 हजार 500 क्विंटल तूड़ा इकट्ठी कर रखा था। इसके उसने कूप बना रखे थे ताकि समय आने पर इस तूड़े को बेचा जा सके। उसके तूड़े के कूपों के पास से सिंघाना पावर हाउस की तार गुजर रही हैं। इनमें काफी बार स्पार्किंग होती थी। इस बारे उसने बिजली निगम के एसडीओ, जेई, लाइनमैन समेत सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से ठीक करने की गुहार लगाई थी। वह दो माह से कभी रजिस्टर में शिकायत दर्ज करवाता तो कभी अधिकारियों को फोन करके इस लाइन को ठीक करवाने की गुहार लगा था। उसे बार-बार निगम के अधिकारी व कर्मचारी झूठ बोलते और उसकी ड्यूटी नहीं है, ये कहकर टाल देते थे। 21 मई को लाइनमैन प्रदीप व महाबीर हरिद्वार घूमने गए थे लेकिन उनको आन ड्यूटी दिखाया था। उसने दोनों के पास फोन किया था तो कहा कि जब उसके कूपों में आग लग जाएगी तब देखा जाएगा। बार-बार बिजली कर्मचारियों व अधिकारियों के चक्कर काटने से व उन द्वारा प्रताड़ित करने से वह मानसिक रूप से परेशान हो गया। 22 मई को उसके कूपों में आग लग गई और उसे करोड़ों का नुकसान हो गया। जयबीर ने बिजली निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। सदर थाना पुलिस ने जयबीर की शिकायत पर बिजली निगम के एसडीओ, जेई रामअवतार, जेई सुनील गाबा, लाइनमैन प्रदीप व महाबीर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 32.23 ग्राम अफीम व 2 लीटर अवैध शराब बरामद

**कैथल।** चौकी महमूदपुर पुलिस ने गश्त के दौरान नाकाबंदी कर मोटरसाइकिल सवार युवकों को काबू कर उनके कब्जे से 32.23 ग्राम अफीम व 2 लीटर अवैध शराब बरामद की है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट व आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की पुलिस चौकी महमूदपुर इंचार्ज एएसआई संजय कुमार अपनी टीम के साथ अपराध रोकथाम के तहत गश्त पर थे। इसी दौरान पुलिस टीम को एक खुफिया सूचना प्राप्त हुई कि गांव रत्ता खेड़ा हाल अर्बन स्टेट पटियाला पंजाब निवासी बलकार सिंह उर्फ बारा मोटरसाइकिल पर अवैध शराब लेकर भाखड़ा नहर सड़क के रास्ते पटियाला जाने वाला हैं, जिसको नाकाबंदी करके काबू किया जा सकता हैं।

## बांग्लादेश में प्रोटोकॉल अधिकारी के तौर पर कार्यरत छात्तर के नरेंद्र कुमार का हदय गति रूकने से निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

बांग्लादेश के चिटगांव में भारत के उच्चायोग में प्रोटोकॉल अधिकारी के तौर पर कार्यरत छात्तर गांव के नरेंद्र कुमार पुत्र रामनिवास का हदय गति रूकने से निधन हो गया। नरेंद्र चंडीगढ़ पुलिस में हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत था। खटकड़ टोल से नरेंद्र कुमार पार्थिव शरीर गांव तक मोटरसाइकिलों के काफिले के साथ तिरंगा हाथों में लेकर युवा, ग्रामीण लेकर आए। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की पत्नी सुषमा अत्री नरेंद्र कुमार के अंतिम संस्कार में शामिल हुई। नमन आंखों से ग्रामीणों ने विदाई दी। नरेंद्र कुमारअपने माता-पिता के इकलौता बेटा था। वो अपने पीछे पत्नी, एकलौते बेटे एवं माता-पिता को छोड़ कर चला गया। हर किसी की आंख नरेंद्र कुमार को अंतिम विदाई देते हुए नम हो गई। चंडीगढ़ पुलिस ने नरेंद्र कुमार को अंतिम सलामी दी।

### बेटे के सिर से उठा बाप का साया

नरेंद्र कुमार का बेटा अर्श सिंह 8 साल का है। बेटे को ये नहीं पता कि उसका पिता अब वापस नहीं आएगा। 18 मई को नरेंद्र ने पत्नी से फोन पर दोपहर को बात की तो वो बिल्कुल सही था। शाम को जब उसकी पत्नी ने संपर्क करना चाहा तो उससे बात नहीं हुई। चचेरे भाई सुरेंद्र ने भी संपर्क करना चाहा लेकिन बातचीत नहीं हुई। 19 मई को चचेरे भाई सुरेंद्र के पास चिटगांव से कॉल आई कि नरेंद्र कुमार का निधन हो गया है। जो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई उसमें निधन हदयगति रूकने से पाया गया। शादी को 15 साल हुए थे। पत्नी को यकीन नहीं हो रहा कि अब नरेंद्र कुमार कभी घर पर नहीं आएगा। नरेंद्र कुमार के चाचा, ताऊ सभी एक साथ रहते है।



## कैथलः दो ट्रॉलियों से जुड़ा ट्रैक्टर पलटा, बाइक सवार युवक घायल

**कैथल।** कैथल के जींद रोड पर सोमवार सायं बड़ा सड़क हादसा हो गया। दो ट्रॉलियों से जुड़ा एक ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे के दौरान वहां से गुजर रहा एक बाइक सवार ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर तेज रफ्तार में था और उस पर क्षमता से अधिक भार लदा हुआ था। अचानक चालक संतुलन खो बैठा, जिसके बाद ट्रैक्टर दोनों ट्रॉलियों समेत पलट गया। इसी दौरान पीछे से आ रहा मोटरसाइकिल सवार संभल नहीं पाया और हादसे का शिकार हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने तुरंत घायल युवक को बाहर निकालकर एंबुलेंस से कैथल के सिविल अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क पर यातायात को सुचारु करवाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



## दुकानदार को जेल में बंद आरोपी के भतीजे और दो अन्य ने दी गोली मारने की धमकी

■ पुलिस ने मामला दर्ज कर की जांच शुरू, सुरक्षा में पुलिस कर्मी तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नरवाना स्थित पुराना बाजार में दुकान मालिक को जान से मारने की धमकी मिली है। 10 महीने पहले भी दुकान मालिक सौरभ को गोली मार कर रुपये छीनकर ले गए थे। उस मामले में पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अब आरोपित नसीब के भतीजे मोरपत्ति वाल्मीकि मोहल्ला निवासी अर्पित व दो अन्य ने उसकी दुकान पर आकर गोली मारने की धमकी दी। दुकानदार सौरभ गर्ग को जान से मारने की धमकी मिलने पर डीएसपी कमलदीप राणा, शहर थाना एसएचओ पूर्णदास व सीआईए टीम मौके पर पहुंची और दुकानदार सौरभ गर्ग से जानकारी ली। सौरभ गर्ग को जान से मारने की धमकी मिलने पर सुरक्षा में पुलिस कर्मी तैनात कर दिए हैं।

आरोपितों की धड़पकड़ के लिए टीमों को गठित कर दिया गया है। सौरभ गर्ग ने बताया कि वह सुबह अपने पिता सुरेश गर्ग के साथ दुकान पर बैठा हुआ था। तीन युवक पैदल ही उसकी दुकान पर आए। एक युवक दुकान के अंदर आया और दो युवक बाहर खड़े रहे। दुकान के अंदर आए युवक ने कहा कि वह आरोपित नसीब का भतीजा अर्पित है। तू उनकी जमानत नहीं होने दे रहाए या तो उनको जमानत होने दे। वरना मैं तेरे को गोली मार दूंगा। सौरभ ने बताया कि वह बार-बार अपने पीछे टी.शर्ट में हाथ डाल रहा था। इससे उसको लगा कि वह उसको गोली मारने के लिए आया है। जब उसने शोर मचायाए तो वह तथा बाहर खड़े दोनों युवक पैदल ही भाग गए।



असंध-कैथल मार्ग पर अधूरे निर्माण कार्य से सड़क पर उड़ रही धूल का दृश्य।

### कछुआ चाल से चल रहा सड़क निर्माण, लोग बेहाल

**राजौंद।** असंध-कैथल मार्ग पर चल रहा सड़क निर्माण कार्य इन दिनों स्थानीय लोगों, दुकानदारों और वाहन चालकों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गया है। निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार के चलते लोगों में लगातार रोष बढ़ता जा रहा है। लंबे समय से अधूरा पड़ा यह कार्य अब क्षेत्रवासियों के लिए मुसीबत बन चुका है। जानकारी के अनुसार, करीब एक किलोमीटर लंबे इस सड़क का निर्माण कार्य काफी समय पहले शुरू किया गया था, लेकिन अब तक इसे पूरा नहीं किया जा सका। सड़क पर बजरी रोडी के कारण आवागमन बेहद कठिन हो गया है। राहगीरों को जहां पैदल चलने में दिक्कत हो रही है, वहीं वाहन चालकों को भी जाम और दुर्घटना का खतरा बना रहता है। दुकानदारों ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि निर्माण कार्य के चलते उड़ने वाली धूल ने उनका जीना मुहाल कर दिया है। धूल के कारण ग्राहकों का दुकानों पर रुकना मुश्किल हो गया है।

### ननिहाल में ग्रामीणों ने मनाई खुशी, समारोह आयोजित कर भांजी को सम्मानित करेगा गांववासी

## कसूहन की भांजी मनीषा इसरो में रिसर्च ऑफिसर बनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में रिसर्च ऑफिसर के पद पर कसूहन गांव की भांजी मनीषा कौशिक का चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर मनीषा के ननिहाल कसूहन गांव में ग्रामीणों ने खुशी मनाई। मनीषा मूल रूप से सफीदों के गंगोली गांव की निवासी हैं। ग्रामीणों ने मनीषा के मामा के घर पहुंचकर बधाई दी। गांव की पंचायत ने मनीषा कौशिक के सम्मान में जल्द ही एक कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की है। मनीषा हरियाणा से इसरो में रिसर्च ऑफिसर के पद पर चयनित होने वाली एकमात्र उम्मीदवार हैं। सरपंच प्रतिनिधि श्रीकांत ने कहा कि मनीषा कौशिक ने पूरे प्रदेश में गांव का नाम रोशन किया है। बताया कि गांव में जल्द ही एक सम्मान समारोह आयोजित कर मनीषा को सम्मानित किया जाएगा। मामा श्रीकांत ने उनकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मनीषा कौशिक ने एमडीयू रोहतक से एमएससी की डिग्री हासिल की है। उन्होंने जीआरएफ में अखिल भारतीय स्तर पर 14वां रैंक प्राप्त किया था। बिना किसी कोचिंग के यह सफलता हासिल की है और बचपन से ही उनका पढ़ाई में रुझान था। नानी इंद्रो देवी ने अपनी दयोती की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस खुशी में उनकी उम्र 10 वर्ष ओर बढ़ गई ।



### ऑनलाइन कोचिंग की थी

ममेरी बहन खुशी ने कहा कि मनीषा से हमें भी प्रेरणा मिली है हम भी कुछ आगे करें। दोपहर को फोन आया था कि मनीषा का लिस्ट में नाम है तो पूरा परिवार खुशी से झूम उठा। मनीषा पहले ही बोलती थी इस बार उसका चयन पक्का होगा। मेरी अच्छी तैयारी है। आत्मविश्वास बहुत है मनीषा के अंदर। ऑनलाइन कोचिंग की थी। 7 पेपर दे चुकी थी जो क्लियर हो चुके है। इंटरव्यू में वो पास हो चुकी है। कई बार उनके घर गई हूँ। मनीषा सुबह साढ़े 5 बजे उठती थी, वो सुबह पढ़ाई करती हुई मिलती थी। घर के काम भी करती थी। पढ़ाई के बूते पर उसे नौकरी मिली है।

## ढाबा संचालक से मांगा हफ्ता, जमकर तोड़फोड़

■ एक को नामजद कर 10-12 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों के पानीपत रोड पर रजबाहा नंबर तीन के पास स्थित एक ढाबा संचालक से कुछ युवकों ने हफ्ता मांगा। शहर थाना सफीदों पुलिस ने ढाबा संचालक की शिकायत एक युवक को नामजद कर 10-12 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपितों ने ढाबा संचालक को कहा कि आपका होटल बहुत चला हुआ है, इसलिए दस हजार रुपये प्रति सप्ताह देना होगा। जब ढाबा संचालक ने विरोध किया तो आरोपितों ने ढाबे में तोडफ़ोड़ की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। राहड़ा मोहल्ला निवासी शुभम ने शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सफीदों से पानीपत रोड पर ढाबा चलाता है। सोमवार सुबह चार बजे वह अपने ढाबे पर मौजूद था। तीन-चार अज्ञात युवक एक स्कोरपियों में आए, जो बिना नंबर पलेट की थी। आते ही आरोपितों ने उसे धमकी देनी शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### सीआरएसयू यूनिवर्सिटी में दाखिला आवेदन शुरू

**जींद।** सीआरएसयू विश्वविद्यालय द्वारा एडमिशन फार्म भरना सोमवार से शुरू किया गया है। यूजी व पीजी कोर्स के फार्म 16 जून और पीजी डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स के 15 जुलाई तक भरे जाएंगे। एबीवीपी विवि इकाई अध्यक्ष सतविंदर ढिल्लो ने बताया कि पोस्ट ग्रेजुएशन में केमिस्ट्री, फिजिक्स, जियोग्राफी, मैथमेटिक्स, जूलॉजी, बॉटनी, बायोटेक्नोलॉजी, इंग्लिश, हिंदी, साइकोलॉजी, सोशियोलॉजी, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेटिव इकॉनिक्स, हिस्ट्री, पॉलिटिकल्स साइंस, मास कम्युनिकेशन, मास्टर ऑफ लाइब्रेरी साइंस, बीए एलएलबी पांच साल, एएलएलबी कोर्स तीन साल है। इस सबके एडमिशन एंट्रेंस एग्जाम से होंगे।

### जुलाना में एसडीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं

**जींद।** जुलाना के एसडीएम होशियार सिंह ने सोमवार को अपने कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान किया जाए।

### भगवान दास ने पूर्व सीएम मनोहर लाल से की मुलाकात

**नरवाना।** नरवाना नगर परिषद के पूर्व प्रधान भगवान दास ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से की मुलाकात और हल्के की समस्यायों से उनको अवगत करवाया विकास कार्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने उनकी बातों को ध्यान से सुनने के बाद भगवान दास से उनका जल्द समाधान का आश्वासन दिया। भगवान दास ने बताया कि उनकी बातचीत बड़े सौहार्द पूर्ण वातावरण में हुई, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने उनकी बातों को ध्यान पुर्वक सुना।

### बाबा की जोहड़ी पर लगी ठंडे मीठे पानी की छबील



**उचाना।** दिल्ली-पटियाला हाइवे पर प्राचीन बाबा की जोहड़ी पर आने जाने वाले वाहन चालकों, राहगीरों के लिए ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई। छबील में बड़ी संख्या में लोगों ने जल ग्रहण किया और इस सामाजिक सेवा कार्य की सराहना की। युवा सुनील, अमित ने बताया कि गर्मी के मौसम में प्यासे लोगों को मीठा पानी पिलाना अत्यंत पुण्य का कार्य है। सोमवार से नौ तपा शुरू होने से तापमान बढ़ रहा है। आने-जाने वाले वाहन चालकों, राहगीरों के लिए ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई ताकि गर्मी के मौसम में प्यासे लोगों को पानी पिला कर प्यास को बुझाया जा सकें। आने-जाने वालों को रूकवाकर पानी पिलाया गया।

### बीएलओ का प्रशिक्षण 9 व 10 जून को : डीसी

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अपराजिता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य शुरू होगा। इस कार्य को सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए विधानसभा क्षेत्र कैथल व पूंडरी के सभी बीएलओ की ट्रेनिंग 9 व 10 जून को दो बैचो में 10 से दोपहर एक तक व 2 से 5 बजे तक आरकेएसडी कॉलेज के ऑडिटोरियम हॉल में करवाई जाएगी।

### चेक बाउंस मामले में 2 उद्घोषित गिरफ्तार

**कैथल।** पीओ पकडो स्टाफ द्वारा चेक बाउंस के अलग अलग 2 मामलों में 2 पीओ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एएसआई रणदेव द्वारा आरोपी सोलु माजरा के जसपाल को गिरफ्तार किया गया। जो वर्ष 2018 दौरान चेक बाउंस मामले में माननीय अदालत द्वारा 30 अप्रैल 2026 को पीओ घोषित किया गया था। दूसरे मामले में एएसआई राजकुमार द्वारा आरोपी फरल निवासी धर्मवीर को वर्ष 2021 दौरान के चैक बाउंस मामले में गिरफ्तार किया गया। जिसे माननीय न्यायालय द्वारा 4 फरवरी को पीओ घोषित किया गया था।

## चार फीट चौड़ा नया गेट, रैंप व शेड लग कर तैयार

# गायनी वार्ड के पास से मिलेगी जच्चा और बच्चा को एंबुलेस

**बेहतर सुविधाएं देने के लिए विभाग लगातार कर रहा काम**

### आपातकाल में भी मरीजों को काफी सुविधा मिलेगी



जींद। गायनी वार्ड के लिए रास्ता बन कर हुआ तैयार। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिले, इसके लिए स्वास्थ्य प्रशासन लगातार काम कर रहा है। पहले गायनी वार्ड को पुरानी बिल्डिंग से नई बिल्डिंग में शिफ्ट किया गया ताकि महिलाओं को उपचार के लिए परेशानी न हो। क्योंकि नई बिल्डिंग में ही आप्रेशन वार्ड व आप्रेशन के बाद जच्चा व बच्चा को ठहराने के लिए वार्ड है। ऐसे में अब गायनी वार्ड के पास ही चार फीट चौड़ा नया गेट बन कर तैयार है।

इसके अलावा रैंप व रैंप के ऊपर अब शेड भी लग कर तैयार हो गया है। अब डिलीवरी के बाद महिलाओं को एंबुलेंस के लिए मुख्य गेट तक नही जाना पड़ेगा। सीधे गायनी वार्ड के पास ही एंबुलेंस सुविधा जच्चा व बच्चा को उपलब्ध होगी। शेड इसलिए लगवाया गया है ताकि बारिश के दौरान जच्चा और बच्चा भीगे नही। इस समय जच्चा व बच्चा को अगर एंबुलेंस से जाना है तो उसे सिटी स्कैन सेंटर के पास बने गेट पर जाना पड़ रहा है। या फिर पुरानी बिल्डिंग में एमरजेंसी के आगे एंबुलेंस को खड़ा करना पड़ेगा। गायनी गायनी वार्ड तक एबुलेंस न पहुंचने से गर्भवती महिलाओं को परेशानी होती है। अभी रास्ता नए भवन के सामने से होकर जाता है। जिसमें सीढ़िया और दूरी ज्यादा है। ऐसे में विभगा ने सीटी स्कैन के पीछे बने पार्क से रैंप को जोड़ दिया है। इसके लिए करीब 20 मीटर लंबी सड़क बनाई है। रैंप की मुख्य खिड़की तोड़ कर बड़ा दरवाजा लगाया गया है। इससे गाड़ी सीधे मुख्य द्वार पर पहुंचेगी और गर्भवती महिलाओं को स्ट्रेचर पर आसानी से ले जाया जा सकेगा। बाकायदा यहां शेड भी लग चुका है।

**दो दिन में सुविधा**

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी पीएमओ डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि गायनी वार्ड के पास गेट बन कर तैयार है। रैंप पर ब्लॉक्स लगवाए गए हैं। साथ ही शेड भी लगवा दिया गया है। यहां गेट बनने से जच्चा व बच्चे को सीधे तौर पर एंबुलेंस सुविधा मिल जाएगी। आगामी दो-तीन दिन में इस रास्ते की शुरूआत कर दी जाएगी।

**आपरेशन थिएटर तक पहुंचेगी एंबुलेंस**

नागरिक अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए नई बिल्डिंग में आपरेशन थिएटर तक एंबुलेंस की पहुंच भी होगी। नई बिल्डिंग में पांच आपरेशन थिएटर हैं। यहां दीवार को तोड़ कर तीसरी मंजिल पर बने आपरेशन थिएटर तक एंबुलेंस पहुंचने के लिए रास्ता भी बनाया है। ऐसे में आपातकाल में मरीजों को इसकी काफी सुविधा रहेगी। ज्यादा सीरियस मरीज को सीधे आपरेशन थिएटर तक एंबुलेंस के जरिये लाया और ले जाया जा सकेगा।

### आमजन की समस्याओं का समाधान के निर्देश

**जींद।** प्रदेश सरकार की जनहितकारी नीतियों एवं आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान की मंशा को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा आयोजित समाधान शिविर में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में आयोजित समाधान शिविर में आरटीए सचिव गिरीश कुमार, एसडीएम सत्यवान सिंह मान, सीटीएम मोनिका रानी ने आमजन की शिकायतों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखी।

### बेटियां समाज की ताकत इन्हें शिक्षा और सुरक्षा देना हम सबका कर्तव्य

**जींद।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा संगतपुरा गांव में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा कई जगह नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया। जिसमें ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य कर्मचारियों ने लोगों को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान, महिला सशक्तिकरण तथा पीएनडीटी एक्ट के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। सभा का उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना और कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराइयों को समाप्त करना था। रीना रानी व ओमप्रकाश शर्मा एमपीएचडब्ल्यु ने जागरूक करते करते हुए कहा कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं हैं। आज देश की बेटियां अंतरिक्ष से लेकर सेना तक हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं।




जींद। वीसी में भाग लेते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

## दुर्लभ पांडुलिपियों का डेटाबेस किया जाएगा तैयार : इमरान

- आम नागरिक पांडुलिपियों की जानकारी मोबाइल एप के से कर सकते हैं सांझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि भारत की समृद्ध परम्परा, सांस्कृतिक धरोहर एवं बौद्धिक विकास के महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में प्राचीन पांडु लिपियां, ताड़पत्र एवं दुर्लभ अभिलेखों के संरक्षण एवं भावी पीढियों तक सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा ज्ञान भारतम मिशन के तहत राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण प्रारंभ किया गया है। जिला में अब तक 301 पांडुलिपियां अपलोड हुई हैं। डीसी मोहम्मद इमरान रजा लघु सचिवालय के सभागार में ज्ञान भारत मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक ले रहे थे। इससे पहले हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेशभर में चल रहे पांडुलिपि संरक्षण कार्य की समीक्षा की और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस मिशन के अंतर्गत गत 16 मार्च 2026 से राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसमें जनभागीदारी के माध्यम से देशभर के परिवारों, मंदिरों एवं संस्थाओं में उपलब्ध पांडुलिपियों को ज्ञान भारतम् एप के जरिये जियो टैग कर सूचीबद्ध एवं डिजिटल रूप से संरक्षित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मठों, मंदिरों और निजी पुस्तकालयों के प्रबंधकों से संवाद स्थापित कर पांडुलिपियों के संरक्षण में उनका सहयोग लिया जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि संरक्षण कार्य के दौरान मूल दस्तावेजों को किसी प्रकार का नुकसान न पहुंचे। उन्होंने बताया कि पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है ताकि उच्च गुणवत्ता में उनका संग्रहण संभव हो सके।

## 'भाजपा सरकार से हर वर्ग परेशान'

### सता पक्ष पर जमकर बरसे अभय चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना



जुलाना कस्बे की परशुराम धर्मशाला में इनेलो कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें इनेलो नेता अभय चौटाला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता इनेलो प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने की। प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि देश का प्रधानमंत्री रात को तेल बचाने की बात करता है और सुबह विदेश दौरों पर निकल जाता है। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ते पेट्रोल, डीजल के दामों से आम जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की लड़ाई लड़ते इनेलो विधायक अभय चौटाला ने अपने पद से इस्तीफा तक दे दिया था लेकिन किसी अन्य दल के विधायक ने ऐसा साहस नहीं दिखाया। उन्होंने कांग्रेस नेता भूपेंद्र हुड्डा और राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस किसानों के हितैषी होने का दावा करती है लेकिन किसान आंदोलन के दौरान किसी भी कांग्रेस विधायक ने किसानों के समर्थन में इस्तीफा नहीं दिया। उन्होंने कहा कि जब लाखों बुजुर्गों की पेंशन काटी गई थी। तब अभय चौटाला ने विधानसभा में लाखों लोगों को लेकर आने की चेतावनी दी थी, जिसके बाद सरकार को झुकते हुए पेंशन बहाल करनी पड़ी। रामपाल माजरा ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार किसानों पर तरह-तरह की शर्तें थौंप रही है और युवाओं के हकों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बाहरी राज्यों के युवाओं को नौकरियां दी जा रही हैं। जबकि हरियाणा के युवाओं के अधिकारों के लिए अभय चौटाला लगातार संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भी प्रदेश के कई गांव पेयजल संकट से जूझ रहे हैं।

### ई-दिशा सरल पोर्टल डेटा माइग्रेशन की खामियों से जनता परेशान

**जींद।** हरियाणा सरकार द्वारा डिजिटल सेवाओं को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से पुराने ई-दिशा सिस्टम को सरल एवं सीआरएस पोर्टल से जोड़ा गया था। लेकिन इस डिजिटल परिवर्तन की प्रक्रिया अब आम नागरिकों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन गई है। पुराने रिकॉर्ड नए सिस्टम में सफलतापूर्वक माइग्रेट न होने के कारण अनेक परिवार वर्षों से सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। इसी प्रकार का एक मामला सामाजिक संगठन अन्ना टीम के समक्ष आया। जिसमें मूल रूप से कैथल निवासी लेकिन वर्तमान में अहमदाबाद (गुजरात) में रह रहा एक परिवार पिछले लगभग तीन वर्षों से जन्म प्रमाण पत्र संबंधी समस्या के समाधान हेतु विभिन्न सरकारी कार्यालयों में भटक रहा है।

## सभी राजनीतिक दल करें बीएलए नियुक्त

- 15 से 14 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर करेंगे मतदाताओं का सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जिला निवार्चन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने जिला के विभिन्न राजनीतिक दलों की बैठक ली और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में सहयोग करने की अपील की ताकि जिले की मतदाता सूची पूरी तरह त्रुटिरहित बनाई जा सके। उपायुक्त ने जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके लिए जिले में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) की नियुक्ति की गई हैए जो घर.घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने निर्देश दिए कि जिन मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक है, वहां नियमानुसार नए मतदान केंद्र स्थापित करने की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त भवनों की पहचान की जाए और संबंधित अधिकारी समय पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। विशेष गहन पुनरीक्षण की क्वालिफाइंग तिथि एक जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। कार्यक्रम के अनुसार पांच जून से 14 जून तक बीएलओ का प्रशिक्षण एवं सामग्री वितरण किया जाएगा जबकि 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। इसके साथ ही मतदान केंद्रों के रेशनेलाइजेशन का कार्य भी 14 जुलाई तक पूरा किया जाएगा। ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 21 जुलाई को किया जाएगा तथा 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी।



नगूरां ईंट भट्ठा पर मजदूरों के स्वास्थ्य की जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

### डेंगू-मलेरिया जागरूकता अभियान चलाया

**अलेवा।** नगूरां पीएचसी के अधीन स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने उप सिविल सर्जन मलेरिया डा. बिजेंद्र के निर्देशानुसार नगूरां, दिल्लूवाला, दालमवाल समेत विभिन्न गांवों के हाइ रिस्क एरिया ईंट भट्ठे, पोल्ट्रीफार्म, डेयरी फार्म आदि पर डेंगू-मलेरिया जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने की। स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने बताया कि टीमों ने भट्ठों के आसपास या फिर आवासीय क्षेत्रों में पानी के गडढे, पुराने टायर, टूटे बर्तन और कचरे के ढेर में लारवा की जांच की। इस दौरान टीम द्वारा प्रवासी मजदूरों को अपने आसपास साफ-सफाई रखने, गडढों में पानी जमा न होने देने, शरीर को पूरा ढकने वाले कपड़े पहनने तथा रात को मच्छर दानी को प्रयोग या फिर मच्छर भगाने वाले क्रीम का उपयोग करने की सलाह दी। जिन मजदूरों को बुखार आदि की शिकायत मिली उनका मौके पर ही मलेरिया की आरडीटी कीटस से खून की जांच की। इसके अलावा भट्ठा, हैचरी व डेयरी मालिकों को निर्देश दिए गए कि मजदूरों को तुरंत प्रभाव से मच्छरदानी उपलब्ध करवाएं तथा बुखार होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर तुरंत सूचना दें ताकि डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारी के पसार को रोका जा सके।

## बायो गैस प्लांट शिफ्ट करवाने को सौंपा ज्ञापन

- डीसी को एक माह में जांच कर रिपोर्ट भेजने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। बायो गैस प्लांट के मसले में केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल से जींद के विश्राम गृह में मिलता हुआ प्रतिनिधि मंडल। फोटो :हरिभूमि

बायोगैस प्लांट के विरोध में सोमवार को हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल से कालोनीवासियों ने मुलाकात की। कालोनीवासियों ने गोहाना रोड के नजदीक रिहायशी क्षेत्र में बने बायो गैस प्लांट को शिफ्ट कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। केंद्रीय मंत्री ने इस मामले में डीसी मोहम्मद इमरान रजा को एक माह के दौरान प्लांट को लेकर आ रही शिकायत की जांच करवाने और रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं। पार्षद प्रतिनिधि बलबीर श्योराण के नेतृत्व में मिले इस प्रतिनिधि मंडल में मास्टर सेवाराम, नरेश भनवाला आदि ने कहा कि यदि बायो गैस प्लांट बंद नही किया गया तो इसके बड़े दुष्प्रभाव सामने आएंगे। अभी तो इस प्लांट की शुरूआत है कि लोगों के गले खराब होने लगे है। बायो गैस प्लांट को शिफ्ट कराने के लिए पिछले दो माह से लोग अपना दर्द निकाल रहे हैं। किंतु उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रतिनिधि मंडल का दर्द सुनने के बाद आश्वासन दिया कि इस मामले में जांच करवाई जाएगी। बलबीर ने कहा कि बायो गैस प्लांट के दुष्प्रभावों को प्रशासन धरातल पर नहीं जांच रहा है।



हसनपुर गांव में कुआं पूजन के दौरान रस्म अदा करती बेटी की मां सविता।

### लड़की के जन्म पर किया कुआं पूजन

**अलेवा।** गांव हसनपुर में साहिल के घर में बेटी पैदा होने पर कु आं पूजन करवाया गया। साहिल ने कहा कि उससे बहुत खुशी है कि उनके घर पत्नी सविता ने बेटी को जन्म दिया है। लड़की माता-पिता की सेवा लड़कों से बेहतर करती है। एएनएम सविता व स्वास्थ्य कर्मचारी कुलदीप ने बताया कि बेटी के पैदा होने पर गांव हसनपुर में कुआं पूजन करके खुशी मनाई गई। वह काबिले तारिफ है। उन्होंने साबित कर दिया है कि आज लड़का-लड़की में कोई अंतर नहीं है। पूरा गांव लड़की पैदा होने पर खुशी मनाता है। ग्रामीण दूसरे गांव के लोगों को कन्या भ्रूण हत्या के बारे में जागरूक कर रहे हैं। इस अवसर पर आशा वर्कर मीना, बाला समेत गांव की आंगनबाड़ी वर्कर कमला के अलावा गांव की महिलाएं उपस्थित थी।

## संतुलित उर्वरक उपयोग एवं मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन पर जागरूकता शिविर

# संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करें किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। किसानों को जागरूक करते डा. धीरज पंघाल। फोटो :हरिभूमि

कृषि विज्ञान केंद्र पांडू पिंडारा द्वारा गांव तारखां में संतुलित उर्वरक उपयोग एवं मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला विस्तार विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान) डा. धीरज पंघाल ने किया। कार्यक्रम में किसानों ने भाग लेकर मृदा स्वास्थ्य, उर्वरक प्रबंधन तथा फसल उत्पादन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। डा. धीरज पंघाल ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में अत्यधिक एवं असंतुलित रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से मिट्टी की उर्वरता लगातार प्रभावित हो रही है। उन्होंने किसानों को संतुलित मात्रा में उर्वरकों के प्रयोग की आवश्यकता पर बल देते हुए बताया कि मिट्टी परीक्षण आधारित उर्वरक प्रयोग से न केवल उत्पादन लागत कम होती है बल्कि फसल की गुणवत्ता एवं उत्पादन में भी वृद्धि होती है। उन्होंने किसानों को यह भी बताया कि बिना मिट्टी जांच के उर्वरकों का प्रयोग करने से भूमि में पोषक तत्वों का असंतुलन उत्पन्न हो जाता है। जिससे दीर्घकाल में मिट्टी की उत्पादकता कम हो सकती है। उन्होंने जैविक स्त्रोतों से पोषक तत्वों की पूर्ति पर विशेष जोर देते हुए गोबर की खाद, कम्पोस्ट, वर्मी कम्पोस्ट तथा फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन को अपनाने की सलाह दी। डा. पंघाल ने कहा कि जैविक एवं रासायनिक उर्वरकों के समन्वित उपयोग से मिट्टी का स्वास्थ्य बेहतर बना रहता है तथा पर्यावरण संरक्षण में भी सहायता मिलती है। उन्होंने हरी खाद के महत्व पर भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ढैंचा तथा अन्य हरी खाद वाली फसलों का प्रयोग मिट्टी में जैविक पदार्थ की मात्रा बढ़ाने, नाइट्रोजन उपलब्ध कराने तथा मिट्टी की संरचना सुधारने में अत्यंत लाभकारी है।

**सिद्धांतों को अपनाने की सलाह दी**

कहा कि हरी खाद के प्रयोग से मिट्टी की जल धारण क्षमता बढ़ती है और फसलों की वृद्धि बेहतर होती है। उन्होंने वैज्ञानिक तरीके से उर्वरकों के प्रयोग पर बल देते हुए किसानों को सही उर्वरक, सही मात्रा, सही समय और सही विधि के सिद्धांतों को अपनाने की सलाह दी। बताया कि वैज्ञानिक आधार पर उर्वरक प्रबंधन अपनाने से मृदा स्वास्थ्य सुरक्षित रहता है तथा फसलों का उत्पादन एवं गुणवत्ता दोनों बेहतर होते हैं। कार्यक्रम में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अंतर्गत आत्मा योजना से जुड़े एटीएम राजेश ने भी किसानों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने, आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने तथा कृषि विभाग से निरंतर संपर्क बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।



खटकड़ से गंगा दशहरा पर हरिद्वार जाने के लिए बस को रवाना करते सुषमा देवेंद्र अत्री।

### विधायक ने महिलाओं से किया वायदा निभाया

**उचाना।** खटकड़ गांव से हरिद्वार के लिए महिलाओं की बस को भाजपा नेत्री सुषमा देवेंद्र अत्री द्वारा रवाना किया। बीते दिनों खटकड़ गांव की महिलाओं ने विधायक से मुलाकात कर गंगा दशहरा पर्व पर हरिद्वार में स्नान करवाने की मांग की थी। विधायक ने महिलाओं से किए वायदे को निभाते हुए हरिद्वार जाने के लिए बस को भेजा। इस धार्रमिक यात्रा को लेकर महिलाओं ने विधायक का आभार प्रकट किया।सुषमा अत्री ने कहा कि गंगा दशहरा का दिन बड़ा पवित्र है। महिलाओं की इच्छा थी कि इस दिन हरिद्वार में गंगा में डूबकी वो लगाए। विधायक द्वारा महिलाओं से वायदा किया था। उस वायदे को पूरा करते हुए बस के आने-जाने का खर्च सहित जो भी खर्च आएगा वो विधायक द्वारा वहन किया जाएगा। ये हमारा दायित्व भी बनता है क्योंकि उचाना हलका हमारा परिवार है। परिवार के सदस्य कोई मांग रखे उसे पूरा करने की हर संभव कोशिश रहती है। महिलाओं ने कहा कि विधायक ने एक जनसेवक की तरह विधायक कार्य कर रहे है। वो जो कहते है वो करते है। जो वायदा किया था उसे वायदे को पूरा किया।

## खबर संक्षेप

### भारतीय भाषा समर कैंप का में दी शैक्षिक जानकारी

**कैथल** । राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योंग में 7-दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप' का उत्साहपूर्ण शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में भारतीय भाषाओं के प्रति प्रेम और उनकी संस्कृति के प्रति गहरी समझ विकसित करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य रामनिवास कौशिक की अध्यक्षता में हुआ। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह समर कैंप विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जुड़ने और भाषा के माध्यम से समृद्ध होने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा।

### महाराजा अरूट जयंती पर सीवन में होगा कार्यक्रम

**सीवन**। सूर्यवंशी प्रतापी महाराजा अरूट महाराज के पावन जन्मोत्सव के अवसर पर 30 मई को रामा आश्रम सीवन में भव्य धार्मिक एवं सामाजिक समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर पंजाबी खत्री समाज में उत्साह का माहौल बना हुआ है और तैयारियां तेज कर दी गई हैं। यह जानकारी देते हुए पंजाबी नेता इंद्रजीत मदान एवं मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन विक्रम मुंजाल ने बताया कि समारोह में समाज के 75 वर्ष या उससे अधिक आयु के बुजुर्गों का विशेष सम्मान किया जाएगा।

### संत रामानंद शहीदी दिवस पर छबील लगाई

**ढांड**। कैथल से कुरुक्षेत्र मार्ग पर गांव पबनावा बस अड्डा पर अमर शहीद संत रामानंद जी की शहीदी दिवस जयंती के उपलक्ष में समाज के लोगों ने भीषण गर्मी में ठंडे मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरो की प्यास बुझाई। गांव के समाजसेवी युवाओं ने मुख्य मार्ग पर वाहन रूकवा-रूकवा कर ठंडा, मीठा जल पिलाकर इस भीषण गर्मी में लोगों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने का काम किया। युवाओं ने जल सेवा पूरा दिन जारी रखी।

### जगतगुरु स्वामी शिक्षाएं सर्वोपरि : हरविंद्र कल्याण

**कैथल** । हरियाणा विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने कहा कि जगतगुरु स्वामी ब्रह्मानंद महाराज की शिक्षाएं-सेवा, समरसता और मानव कल्याण का मार्ग दिखाती हैं। ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों से समाज को सकारात्मक दिशा और ऊर्जा मिलती है। इस तरह के आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक एकता और सनातन संस्कृति के मूल्यों को मजबूत करते हैं। हरियाणा विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण सोमवार को मुंदड़ी गांव स्थित गुरू ब्रह्मानंद आश्रम में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

### गर्मी में जल सेवा सबसे बड़ा पुण्य : निधिमोहन

**पूंडरी**। भीषण गर्मी के बीच पुंडरी बर्तन एसोसिएशन द्वारा आज बस स्टैंड के सामने ठंडे मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों की सेवा की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने जल सेवा में सहयोग किया और राहगीरों को ठंडा मीठा पानी पिलाया गया। फतेहपुर पुंडरी व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष लाला प्रवीण गर्ग ने बताया कि पुंडरी के सभी बर्तन व्यापारियों ने मिलजुल कर यह जल सेवा आयोजित की।

## बारिश से पहले ड्रेनों एवं नालों की सफाई के जारी किए सख्त आदेश

# सिरसा ब्रांच में पानी लिफ्ट करने वाले पंप हाउस का डीसी ने किया निरीक्षण

**कलायत व कैथल ब्लॉक की ड्रेनों का किया निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

डीसी अपराजिता ने सोमवार को कैथल व कलायत ब्लॉक की ड्रेनों की सफाई कार्य का निरीक्षण किया और अधिकारियों को बारिश से पहले सभी ड्रेनों एवं नालों की सफाई कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। डीसी ने खनौरी रोड पर सिल्लाखेड़ा ड्रेन की टूटी रेलिंग को तुरंत ठीक करवाने के आदेश दिए। साथ ही जनस्वास्थ्य विभाग को शहर से निकल रहे नालों की सफाई-सफाई भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीसी अपराजिता सोमवार सुबह सबसे पहले गांव नरड़ के निकट अमीन ड्रेन पुल पर पहुंचीं। जहां सिंचाई विभाग द्वारा करवाए जा रहे सफाई कार्य का निरीक्षण किया। एक्सईएन निशांत बत्तान ने पूरे कार्य की जानकारी दी। इसके बाद डीसी ने कलायत में पूंडरी ड्रेन से सिरसा ब्रांच में पानी लिफ्ट करने वाले पंप हाउस का दौरा किया, जहां उन्होंने पंप हाउस के अंदर लगाई गई मशीनों की साफ-सफाई एवं रखरखाव बारे आवश्यक निर्देश दिए।



कलायत। डीसी अपराजिता पंप हाउस का निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**ड्रेनों एवं नालों की सफाई कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए**

### कार्य में लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी

डीसी ने कहा कि इस कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सिंचाई व जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून से पहले तय समय सीमा में ड्रेनों सहित नालों आदि की सफाई सुनिश्चित करवाएं। जहां जरूरत हो, वहां मनरेगा से मजदूर लेकर साफ-सफाई कार्य पूरा करवाएं। इस कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही न हो। यदि समय पर साफ-सफाई नहीं हुई तो जिम्मेदारी तय करते हुए संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर कलायत एसडीएम अजय हुड्डा, सिंचाई विभाग के एक्सईएन निशांत बत्तान, डीआईपीआरओ नसीब सिंह सैनी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### पानी की निकासी पूरी व्यवस्था को दुरुस्त करें

डीसी अपराजिता ने कैथल में सिल्लाखेड़ा ड्रेन की साफ-सफाई के कार्य का निरीक्षण किया। खनौरी रोड पर पुल की रेलिंग टूटने पर डीसी ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से जवाब तलब किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्य अधूरे नहीं होने चाहिए। यहां से मलबा तुरंत हटाया जाए और रेलिंग को दुरुस्त किया जाए, ताकि हादसों से बचा जा सके। डीसी ने ड्रेन के सफाई कार्य को तय समय में पूर करने के निर्देश दिए। इसके बाद डीसी ने मानस रोड के नाले की सफाई कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने पानी की निकासी पूरी व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि नाले की सफाई करके जो भी गंदगी निकलेगी, उसे तुरंत उठाकर उचित जगह पर उसका निस्तारण किया जाए। नालों के किनारे ही यदि यह गंदगी पड़ी रहेगी तो फिरसे नालों को ब्लॉक करेगी।

# कैथल में 387 पांडुलिपियां पोर्टल पर अपलोड : डीसी




कैथल। डीसी अपराजिता अधिकारियों की बैठक लेते हुए।

- 10 जून तक कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

डीसी अपराजिता ने कहा कि हरियाणा सरकार के ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत जिले में चल रहे राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा करना सभी संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है। इसका उद्देश्य भारत की प्राचीन पांडुलिपियों और ज्ञान परंपरा को सुरक्षित रखना, डिजिटाइज करना और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना है। यह सर्वेक्षण 10 जून तक हर हाल में पूर्ण किया जाए।

डीसी अपराजिता सोमवार को लघु सचिवालय स्थित वीडियो कांफ्रेंस हॉल में ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत जिले में चल रहे राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण कार्य को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। इससे पहले हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी प्रदेश के सभी उपायुक्तों से राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण कार्य बारे पूर्ण फीडबैक ली व आवश्यक निर्देश जारी किए। डीसी अपराजिता ने कहा कि इस कार्य के लिए जिला स्तर पर कमेटी गठन किया गया है, जिसके नोडल अधिकारी एडीसी सुशील कुमार हैं।

### ये रहे मौजूद

डीसी अपराजिता ने कहा कि इस अभियान के तहत जिले के धार्मिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों, पुस्तकालयों तथा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में आमजन के पास उपलब्ध 75 वर्ष से अधिक पुराने पांडुलिपियों और अभिलेखीय दस्तावेजों की पहचान कर उनका दस्तावेजीकरण एवं डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। यह सभी डेटा 'ज्ञान भारतम मिशन' पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा, जिससे ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित किया जा सके। अभी तक कैथल जिला में 387 पांडुलिपियां पोर्टल पर अपलोड की जा चुकी है। यह अभियान जिले की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इसमें सभी का सहयोग आवश्यक है। इस मौके पर एडीसी सुशील कुमार, डॉ. भीम राव अम्बेडकर महाविद्यालय के प्राचार्य मनोज भांभू, डीआईपीआरओ नसीब सिंह सैनी के अलावा संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# खाटू श्याम धाम एवं श्री बालाजी सालासर धाम के लिए आदित्य सुरजेवाला की नि:शुल्क बस सेवा हुई रवाना

- विधायक आदित्य सुरजेवाला ने बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कैथल विधानसभा क्षेत्र के श्रद्धालुओं को बिना किसी आर्थिक बोझ के पावन तीर्थों के दर्शन कराने की प्रक्रिया को जारी रखते हुए विधायक आदित्य सुरजेवाला ने एक बार फिर 12वीं निःशुल्क बस सेवा का आयोजन किया। इस सेवा के तहत कैथल हलके के अर्जुन नगर, लखनऊ मोहल्ला, खरादिया मोहल्ला, गोविन्द कॉलोनी, सेक्टर 19, नेहरू गार्डन कॉलोनी, वार्ड 20, रामनगर, डिफेंस कॉलोनी, गांधी नगर, राजीव कॉलोनी, चौधरी मोहल्ला, पट्टी खोत, रजनी कॉलोनी, पटेल नगर, बलवंती से श्रद्धालु सुबह-सुबह कैथल के किसान भवन से रवाना हुए और बाबा खाटू श्याम धाम तथा बालाजी सालासर धाम पहुंचकर अपने आराध्य देव के दर्शन करने जा रहे हैं। बस को हरी झंडी दिखाने के लिए विधायक आदित्य सुरजेवाला विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि कैथल के लोगों की सेवा करना हमारा कर्तव्य है।




कैथल। विधायक आदित्य सुरजेवाला बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

# एनीमिया मुक्त हरियाणा अभियान के अतंर्गत आयोजित की गई बैठक

**गुहला-चीका**। एसडीएम कार्यालय में एनीमिया मुक्त हरियाणा अभियान के अंतर्गत बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने की। बैठक के दौरान क्षेत्र में एनीमिया के बढ़ते आंकड़ों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा एनीमिया (खून की कमी) को जड़ से समाप्त करने के लिए चलाए जा रहे प्रयासों पर विचार विमर्श किया गया। एसडीएम ने कहा कि एनीमिया मुक्त हरियाणा अभियान तभी सफल होगा जब समाज के सभी वर्ग मिलकर इस दिशा में योगदान दें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान की निगरानी नियमित रूप से की जाए और सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति आयरन की दवाओं से वंचित न रहे।



गुहलाचीका। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।



राजौंद। सड़क किनारे खड़े पेड़ पौधे आग भेंट चढ़ कर किस तरह काले पड़ चुके हैं

### खेतों में फसल अवशेष जलाने से सड़क किनारे खड़े पेड़ भी झुलस रहे हैं, पर्यावरण को बन रहा खतरा

**राजौंद**। क्षेत्र में गेहूं की फसल कटाई के बाद खेतों सड़क किनारे खड़ी घांस फूस फसल अवशेष (फाने) जलाने का सिलसिला अब भी सरेआम देखा जा सकता हैं। लेकिन अब यह समस्या सिर्फ खेतों तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसका दुष्प्रभाव सड़क किनारे खड़े बेजुबान पेड़-पौधों पर भी साफ नजर आने लगा है। खेतों के साथ लगते रास्तों पर खड़े पेड़ों के तनों और जड़ों तक आग पहुंच रही है, जिससे वे बुरी तरह झुलस रहे हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि कई पेड़ों के नीचे की जमीन काली पड़ चुकी है और तनों पर आग के निशान साफ दिखाई दे रहे हैं। यह स्थिति न केवल पेड़ों के जीवन के लिए खतरा है, बल्कि पर्यावरण संतुलन पर भी गंभीर असर डाल रही है। पेड़ जहां एक ओर हवा को शुद्ध करते हैं, वहीं गर्मी के मौसम में छाया और ठंडक भी प्रदान करते हैं। ऐसे में इनका नुकसान सीधे तौर पर आम जनजीवन को प्रभावित करता है। विशेषज्ञों के अनुसार, बार-बार आग लगने से पेड़ों की जड़ों को नुकसान पहुंचता है, जिससे वे धीरे-धीरे सूखने लगते हैं।

# छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य एवं क्षमता निर्माण का विस्तार से महत्व बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

सिल्वर आक इंटरनेशनल स्कूल कैथल के प्रांगण में शिक्षकों हेतु विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन एवं सकारात्मक वातावरण निर्माण के प्रति जागरूक एवं प्रशिक्षित करना था। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में गुरप्रीत कौर एवं पिंकी उपस्थित रहीं। इस कार्यशाला में प्रतिभागी की संख्या लगभग 60 है। उन्होंने शिक्षकों को विद्यार्थियों में तनाव, व्यवहारिक परिवर्तन एवं भावनात्मक आवश्यकताओं को समझने तथा उन्हें उचित मार्गदर्शन प्रदान करने के प्रभावी उपाय बताए। गतिविधियों एवं संवादात्मक सत्रों के माध्यम से कार्यशाला को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बनाया गया।विद्यालय की प्रधानाचार्या रेणु अनेजा ने कहा कि शिक्षक केवल शिक्षा प्रदान करने वाले नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के मार्गदर्शक एवं प्रेरणास्त्रोत भी होते हैं।



कैथल। कार्यक्रम के दौरान सिल्वर आक इंटरनेशनल स्कूल के स्टाफ सदस्य।

## न्यूज डायरी

### पूंडरी के राजकीय स्कूल में लगाया एनएसएस कैंप

**कैथल**। राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पूण्डरी में एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ प्रधानाचार्य डॉ. गिरधारी लाल शर्मा के मार्गदर्शन में हुआ। शिविर में स्वयंसेविकाओं को प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री बीमा योजना तथा उज्ज्वला योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार की ये योजनाएं समाज के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। स्वयंसेविकाओं द्वारा विद्यालय परिसर में एक हर्बल पार्क बनाने की योजना तैयार की गई।

### योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का लाइव प्रसारण

**कैथल**। जिले में लगातार योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के नोडल अधिकारी एवं जिला परिषद के सीईओ सुरेश रविश कैथल की देखरेख एवं जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया के निर्देशानुसार योगशाला गाँव छौत एवं बरसाना में विशेष योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हरियाणा योग आयोग के फेसबुक पेज के माध्यम से भी किया गया, जिससे अधिक से अधिक लोगों तक योग का संदेश पहुंचाया जा सके।

### समाधान शिविर में सुनीं नागरिकों की शिकायतें

**कैथल**। सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। डीसी अपराजिता के मार्गदर्शन में सहायक आयुक्त (अंडर ट्रेनी) शिवानी पांचाल व एसडीएम संजय कुमार ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को इन समस्याओं का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन नागरिकों की समस्याओं के निपटान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं।

### गीता संस्कारवान जीवन जीना सिखाती : ज्ञानानंद

**पूंडरी**। श्री कृष्ण कृपा कथा आयोजन समिति एवं भारत विकास परिषद फतेहपुर-पूंडरी के तत्वावधान में पूंडरी की अनाज मंडी में आयोजित तीन दिवसीय दिव्य गीता सत्संग के समापन दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए गीता उपदेशों का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को गीता के महत्व से अवगत कराया। स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला दिव्य ज्ञान है।

### जनरल बिहेवियर एवं प्रोफेशनल कंडक्ट पर सेमिनार

**कैथल**। आरकेएसडी पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए जनरल बिहेवियर एवं प्रोफेशनल कंडक्ट विषय पर एक प्रभावशाली सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का संचालन मोटिवेशनल स्पीकर एवं शिक्षाविद् राकेश भट्ट द्वारा किया गया। भट्ट बिजनेस स्टडीज विषय के विषय विशेषज्ञ के रूप में "वेलहम स्कूल देहरादून मे कार्यरत हैं। राकेश भट्ट एक अनुभवी शिक्षाविद् एवं शैक्षणिक विशेषज्ञ हैं, जिन्हें शिक्षा तथा वाणिज्य अध्ययन के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर का समृद्ध अनुभव प्राप्त है। उन्होंने अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों, सेमिनारों तथा शैक्षणिक कार्यशालाओं में सक्रिय रूप से भाग लिया है। इन गतिविधियों ने उनके व्यावसायिक विकास और शैक्षणिक उत्कृष्टता को और अधिक सशक्त बनाया है। अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक पद्धतियों के अनुभव ने आधुनिक शिक्षण विधियों तथा छात्र-केंद्रित शिक्षण दृष्टिकोण में उनकी विशेषज्ञता को मजबूत किया है।

## कार्यक्रम के दौरान 500 किसानों को किया गया लाभान्वित

# नवीन जिन्दल फाउंडेशन ने पशु स्वास्थ्य एवं गर्भ जांच शिविर लगाया

*अभियान का उद्देश्य किसानों एवं पशुपालकों को लाभ पहुंचाना*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा कुरुक्षेत्र एवं कैथल जिलों में चार दिवसीय पशु स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक गर्भ जांच प्रशिक्षण एवं जागरूकता अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य किसानों एवं पशुपालकों को वैज्ञानिक पशुपालन पद्धतियों के प्रति जागरूक करना तथा क्षेत्र में टिकाऊ एवं लाभकारी डेयरी व्यवसाय को बढ़ावा देना रहा। इस अभियान के तहत कैथल के पंजाबी वैलफेयर भवन में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का शुभारंभ जिला कैथल के वरिष्ठ अधिकारियों एवं पशु चिकित्सा विशेषज्ञों की उपस्थिति में हुआ। उन्होंने वैज्ञानिक पशुपालन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक तकनीकों को अपनाकर डेयरी उत्पादन बढ़ाया जा सकता है तथा ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाया जा सकता है। चार दिनों तक चलाए गए इस अभियान में विभिन्न गांवों से आए 500 से अधिक डेयरी किसानों एवं पशुपालकों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को पशु स्वास्थ्य प्रबंधन, रोगों की रोकथाम, संतुलित पोषण, आधुनिक डेयरी प्रबंधन तकनीकों तथा पशुओं की उत्पादकता बढ़ाने संबंधी व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को पशुओं के लिए प्रारंभिक गर्भ जांच किट के उपयोग की जानकारी भी दी गई। इससे पशुओं की प्रजनन क्षमता का समय रहते आकलन कर बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सकेगा, जिससे दूध उत्पादन एवं पशुधन की उत्पादकता में वृद्धि होगी।



कैथल। नवीन जिन्दल फाउंडेशन का पशु स्वास्थ्य एवं गर्भ जांच जागरूकता का शुभारंभ करते रविन्द्र धीमान। फोटो : हरिभूमि

### पशु पालन को दिया जा रहा बढ़ावा

इस अभियान के तकनीकी सत्रों का आयोजन पशु स्वास्थ्य एवं पशुधन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्यरत प्रतिष्ठित संस्था बिग नैनो प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किया गया। विशेषज्ञ डॉ. अर्पित तथा कोमल कालांत्री ने वैज्ञानिक पशुपालन, रोग नियंत्रण उपायों तथा पशुओं के प्रजनन स्वास्थ्य से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी एवं व्यावहारिक प्रदर्शन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कैथल के कार्यक्रम आयोजन में क्षेत्र के डॉ. सूर्या खटकड़ उपनिदेशक, पशुपालन विभाग का विशेष सहयोग रहा। शाहाबाद, लाडवा एवं पिहोवा में आयोजित कार्यक्रमों के संचालन एवं समन्वय में नवीन जिन्दल फाउंडेशन की यह उनके मार्गदर्शन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सांसद नवीन जिन्दल के कैथल कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान ने कहा कि संस्था ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने, किसानों के कौशल विकास, जागरूकता बढ़ाने तथा कृषि एवं पशुपालन क्षेत्र में टिकाऊ विकास को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

**OFFICE OF DISTRICT PROJECT CO-ORDINATOR, SAMAGRA SHIKSHA KAITHAL**
Phone: 01746-226156, email-kaithal.dpc.hsspp5@gmail.com

**समग्र शिक्षा कार्यालय, कैथल।**

शैक्षिक स्वयंसेवकों के लिए अनुबन्ध आधारित योग्य अभ्यर्थियों के आवेदन आमंत्रित हैं। पदों की संख्या = 14 (अनुमानित) पदों की संख्या कम या ज्यादा की जा सकती है।
**समयावधि** = July 2026 से March 2027 तक संभावित
**मासिक मानदेय** = राशि 10,000/- रूपये (हरि. स्कूल. शिक्षा परियोजना परिषद् द्वारा निर्धारित नियमानुसार)
**शैक्षिक योग्यता** = 12th Pass, D.Ed. या B.Ed. (Minimum 50% Marks) HTET या CTET qualified. महिला आवेदक को नियमानुसार प्राथमिकता। (दसवीं स्तर तक हिन्दी / संस्कृत अनिवार्य है।)

आवेदक अपने सभी सत्यापित दस्तावेज कार्यालय जिला परियोजना संयोजक, समग्र शिक्षा कैथल, प्रथम तल, पंचायत भवन, जीन्द रोड़ कैथल में दिनांक 27 मई 2026 से 05 जून 2026 (कार्यदिवस), सायं 5:00 बजे तक स्वयं जमा करवाएं।
**नोटः**- जिला कैथल में रह रहे 16 से 19 आयु वर्ग के ड्राप आउट बच्चों को ओपन स्कूलिंग के माध्यम से माध्यमिक/ उच्च माध्यमिक कक्षा पास करने के उद्देश्य से समग्र शिक्षा के तहत 2000/-प्रति छात्र आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। सम्पर्क नं. 9896004688.

हस्ता/- जिला परियोजना संयोजक,
समग्र शिक्षा कैथल।

## खबर संक्षेप



केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के साथ विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

### केंद्रीय मंत्री से की उचाना के विकास पर चर्चा

**उचाना।** केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश के पूर्व सीएम रहे मनोहर लाल के जींद दौरे के दौरान विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने मुलाकात कर जींद आगमन पर उनका स्वागत किया। भाजपा नेता जवाहर सैनी के निवास पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के साथ विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री भी पहुंचे। यहां पर केंद्रीय मंत्री से उचाना के विकास को लेकर चर्चा भी की। प्रदेश में राजनीति के मायनों को बदलने का काम प्रदेश के सीएम रहते हुए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बदलने का काम किया। बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए।

### सदभाव यात्रा ने एकता की मिसाल कायम की

**उचाना।** पिछले 231 दिन के दौरान 23 जिलों के 90 विधानसभा क्षेत्रों में बृजेंद्र सिंह के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने वाले युवा कांग्रेस नेता राममेहर दनौदा ने कहा कि कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह की सदभाव यात्रा ने हरियाणा में भाईचारे एवं सामाजिक एकता की एक नई मिसाल कायम की है। इस यात्रा ने सत्ताधारी दल भाजपा की नफरत और विभाजनकारी की राजनीति को बेनकाब किया है। उन्होंने कहा कि सदभाव यात्रा 5 अक्टूबर को नरवाना के ऐतिहासिक दनौदा गांव स्थित बिनैन खाप के चबूतरे से रवाना हुई थी।

### लघु सचिवालय सभागार में लगा समाधान शिविर

**नरवाना।** आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और प्रशासन को जनता के और अधिक निकट लाने के उद्देश्य से सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता एसडीएम जगदीश चंद्र ने की। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और उन्होंने मौके पर ही लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनका समाधान सुनिश्चित किया।

### 5 कन्याओं की शादी में बढ़ाया सहयोग का हाथ

**गुहला-चीका।** सामाजिक संस्था 'नेकी का घर' गुहला-चीका ने एक बार फिर मानवता और सेवा का परिचय देते हुए जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए सराहनीय कदम उठाया है। संस्था की ओर से जिला पटियाला के समाना शहर में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में पांच कन्याओं की शादी के लिए वस्त्र एवं अन्य सामान उपलब्ध करवाया गया। इनमें से दो कन्याएं हलका गुहला क्षेत्र से संबंधित हैं।

### तीन गांवों से ट्रांसफार्मर के कीमती उपकरण चोरी

**जींद।** चोरों ने बिजली निगम के तीन गांवों से भारी संख्या में सामान को चोरी कर लिए। इससे बधाना, हसनपुर व शामदो गांव की बिजली व्यवस्था प्रभावित हुई। अलेवा पुलिस ने बिजली निगम के एसडीओ की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। बिजली निगम के एसडीओ आनंद ने बताया कि चोरों ने शामदों से पेगां बिजली लाइन की 4200 मीटर तार, दो ट्रांसफार्मर व कंडक्टर चोरी कर ले गए।

# हालात ने खड़ी कीं तमाम बाधाएं, फिर भी हौसले से कायम की मिसाल

सिटी पल्स

## ईमानदारी से काम करें तो दबाव नहीं



कृष्ण कुमार दुमाडा निवासी घसोकलां जिला जींद मेहनत और ईमानदारी की मिसाल हैं। वे किसान वर्ग से ऊपर उठकर जिला प्रबंधक तक का सफर तय किया। कृष्ण कुमार ने बताया कि उनकके पिता जी खेती बाडी और पशुपालन करते थे। वे भी खेत खलिहान में अपने पिता का हाथ बंटाते थे। छुट्टी वाले दिन खेत का काम करते थे। उसने 1974 में बीए पास की थी। इसके बाद वे एफसीआई में लिपिक के पद पर टेंपरेरी लग गए। इसके बाद उन्होंने आढत की दुकान खोल ली। 1980 में भिवानी में एचएलआरडीसी में लग गए तथा कैथल आ गए। इसके उपरांत वे 1981 में हरियाणा बैकवर्ड क्लास कल्याण निगम में फरीदाबाद में जिला प्रबंधक के पद पर लगे। इसके बाद वे 1992 से लेकर अधिकतर समय कैथल ही रहे तथा 2011 में सेवानिवृत हुए। उन्होंने ईमानदारी से काम किया। यही कारण रहा कि वे किसी के दबाव में नहीं आए। अधिकारियों के साथ कई बार बहस हुई लेकिन दबे नहीं। कृष्ण का कहना है कि यदि हम अपना कार्य ईमानदारी से करते हैं तो फिर किसी से दबने की जरूरत नहीं है। ज्यादा से ज्यादा उच्चाधिकारी बदली ही कर सकता है और कुछ नहीं। उन्होंने बताया कि इस सफर में उनका साथ उनकी पत्नी कृष्णा ने दिया जो 2019 में महिला एवं बाल विकास विभाग से सुपरवाइजर के पद से सेवानिवृत हुई।

## युवा तोड़ रहे संगीत की कमर: श्याम सुंदर



श्याम सुंदर गौड़ का नाम संगीत के क्षेत्र में कैथल व प्रदेश में सम्मान के साथ लिया जाता है। बचपन में माता पिता की मौत के बाद उनका शुरू से ही संघर्ष से नाता रहा। वे संगीतज्ञ के साथ साथ एक अच्छे कवि, साहित्यकार व लेखक भी हैं। संगीता के क्षेत्र में आज भी उनके द्वारा लिखी गई पुस्तकें पढ़ाई जाती हैं। वे हमेशा भारतीय संगीत के पक्षधर रहे। वे आज की फूहडता के संगीत से नफरत करते हैं। उनका कहना है कि आज के संगीतकारों ने भारतीय संगीत को भूला दिया है। दो पैसे के चक्कर में भारतीय संगीत के साथ बुरी तरह से छेडछाड की जा रही है। उसे तोड मरोड के पेश किया जा रहा है। बता दें कि श्याम सुंदर गौड ने लंबे समय तक हिंदू वरिष्ठ माध्यिमक विद्यालय कैथल में बतौर संगीत अध्यापक सेवाएं दी। सेवानिवृति उपरांत वे करीब 5 साल तक जाट स्कूल में भी संगीता के अध्यापक रहे। वे रोहतक तथा कुरूक्षेत्र आकाशवाणी के साथ भी जुड़े रहे। अपनी मेहनत व प्रतिभा के कारण उस समय स्वतंत्रता दिवस तथा गणतंत्र दिवस समारोह उनके टीम के बिना अधूरा सा लगता था। हर बार उनकी कव्वाली, देशभक्ति गीत या स्वागत गीत अवश्य होता था। उन्हें सैकड़ों बार संगीत क्षेत्र में निर्णायक की भूमिका भी निभाई। करीब 80 साल की आयु होने उपरांत आज भी जहां हारमोनियम पर उनकी अंगुलियां तेज गति से लय निकालती हैं तो वे अपने कलम के दम पर करीब एक दर्जन पुस्तकें भी लिख चुके हैं।

## न जमीन, न बच्चे फिर भी चलाया स्कूल



2020 में जेबीटी अध्यापक के पद से सेवानिवृत हुए जगजीत सिंह फौजी हमेशा संघर्ष व मेहनत के पर्याय बने रहे। गांव सारन में उनके पिता जी खेती बाडी करते थे। अपनी पढ़ाई व मेहनत के बल पर वे सेना में शामिल हुए। 1980 में अहमदनगर महाराष्ट्र में प्रशिक्षण हुआ। वे 1997 तक सेना में रहे त हवलदार पद से सेवानिवृत हुए। इसके बाद वे 2000 में शिक्षा विभाग में जेबीटी अध्यापक पर कार्यरत हुए। वे 2000 में हरीगढ बोरख में कार्यरत हुए। वहां पर न तो स्कूल के लिए जमीन थी, न बच्चे थे और न ही कोई भवन। अपने जज्बे के दम पर वहां बच्चों को शिक्षा की लौ जलाने का काम किया। वे गांव के आसपास डेरों में गए तथा लोगों से मिले। शुरूआती दौर में पेडों के नीचे बच्चों को पढाने का काम शुरू किया। धीरे धीरे उन्हें ग्रामीणों का सहयोग मिला। कहीं से कुर्सी, कहीं से मेज और कहीं से ब्लैकबोर्ड व पेयजल का प्रबंध किया। कुछ समय बाद विभाग ने दो कमरों के निर्माण के लिए 2.80 लाख की राशि दी लेकिन जमीन नहीं थी। उन्होंने ग्रामीणों व अन्य समाजसेवियों की मदद से स्कूल के लिए 13 मरले जमीन खरीदी और वहां पर दो कमरे व खेल का मैदान शुरू किया। 2006 तक उनके पास 35 बच्चे हो चुके थे। यहां आज भी स्कूल चलाया जा रहा है। इसके बाद उनका तबादला सेगा स्कूल में हो गया। सेगा मिडिल स्कूल में आए। कोरम पूरा करते हुए हाई स्कूल बनवाया। देबन में भी कोरम पूरा करते हुए सीनियर सेकेंडरी स्कूल बनवाए।

## केंद्रीय मंत्री से मिले मार्केट कमेटी चेयरमैन

**उचाना।** मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने जींद में केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश के पूर्व सीएम रहे मनोहर लाल से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। खरकभूरा ने कहा कि प्रदेश के सीएम रहते हुए बिना पर्ची बिना खर्ची युवाओं को रोजगार देने की शुरूआत केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने की थी। आज उसी परंपरा को आगे सीएम नायब सिंह सैनी बढ़ा रहे है। बिना पर्ची बिना खर्ची से आज गरीब परिवार के युवा बड़े पदों पर नौकरी लगे रहे है। पहले की सरकारों में क्या होता था ये किसी से छिपा नहीं है। आज गरीब परिवार के बेटे, बेटी अपनी पढ़ाई के बूते पर बड़े अधिकारी लग रहे है। सरकारी नौकरी के लिए अब किसी सिफारिश की नहीं बल्कि युवाओं को पढ़ाई की जरूरत है।

## दोपहर में सड़कों तथा बाजार में पसरा सन्नाटा, रात को भी नहीं मिली राहत

# नौतपा के पहले दिन तापमान पहुंचा 43 पार, उमस भरी गर्मी से लोग हुए बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

नौतपा के पहले दिन सूर्य देवता ने अपना रौद्र रूप दिखा कर आमजन को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया है। आसमान से बरस रही आग गरम हवा के थपेड़ों से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इसका असर दिनचर्या पर साफ देखने को मिल रहा है। दिन में बाजार तथा सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। रात को भी गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। बेलदार सब्जियों पर भी झुलसने का खतरा मंडराने लगा है।

**नागरिक अस्पताल में जगह-जगह रखवाए पानी के कैंपर व ओआरएस पैकेट**

सोमवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 29 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 15 प्रतिशत तथा हवा की गत 14 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार गर्मी से राहत मिलने के अभी कोई आसार नहीं है। तापमान में ओर बढ़ोत्तरी हो सकती है। तेजी से चलने वाली लू का मानव शरीर पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। सोमवार को दिन का आगाज साफ मौसम के गर्म मिजाज के साथ हुआ। दिन चढने के साथ हवा गर्म होती चली गई। हालात यहां तक रहे सुबह दस बजे तापमान 41 डिग्री को पार कर गया था। दोपहर को सड़कों तथा बाजार में सन्नाटा पसर गया। बहुत कम वाहन सड़कों पर दिखाई दिए। भीषण गर्मी ने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया। भीषण गर्मी का असर जनजीवन पर साफ देखने को मिल रहा है। शाम होने पर कुछ चहल-पहल सड़कों तथा बाजार में दिखाई दी। पिछले सप्ताह से तापमान 43 डिग्री के आसपास चल रहा है। भीषण गर्मी के चलते बीजी फसलों तथा सब्जियों पर झुलसने का खतरा मंडराने लगा है। बेल वाली सब्जियों पर भीषण गर्मी का असर साफ देखने को मिल रहा है। सब्जियों का उत्पादन भी प्रभावित होने लगा है। तापमान के ज्यादा होने तथा लू चलने के कारण हीट स्ट्रोक तथा डी हाइड्रेशन का खतरा लगातार मंडरा रहा है।





जींद। गर्मी के चलते नागरिक अस्पताल में रखवाए गए कैंपर। फोटो: हरिभूमि

### फिलहाल राहत की उम्मीद नहीं

मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश कुमार ने बताया कि हवा के साथ धूल भी उड़ने की संभावना है। किसानों को शाम को फसलों की सिंचाई करनी चाहिए। गर्मी से राहत मिलने के फिलहाल आसार नहीं है। न्यूनतम तथा अधिकतम तापमान में इजाफा होगा। इसके साथ हवा की गति तेज होने के साथ काफी गर्म भी रहेगी।

### रखवाए पानी के कैंपर व ओआरएस पैकेट

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए अस्पताल में जगह-जगह पानी के कैंपर रखवाए गए हैं। इसके अलावा ओआरएस के पैकेट भी रखवाए गए हैं। आमजन को सलाह दी जा रही है कि दोपहर के समय बाहर निकलने से बचें। बच्चों और वृद्धों का विशेष ध्यान रखें।

## लू के थपेड़ों से जनजीवन प्रभावित लोग घरों में कैद होने को मजबूर

**राजौंद।** इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी ने लोगों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। तापमान में लगातार बढ़ोतरी और गर्म हवाओं (लू) के थपेड़ों ने लोगों को घरों में रहने पर मजबूर कर दिया है। खासकर दोपहर के समय हालात ऐसे बन जाते हैं कि सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसरा नजर आता है। दोपहर 12 बजे के बाद से ही बाजारों में चहल-पहल कम होने लगती है और 2 से 4 बजे के बीच तो अधिकांश दुकानें भी आंशिक रूप से बंद दिखाई देती हैं। आम दिनों में जहां बाजारों में भीड़ रहती थी,वहीं अब गर्मी के कारण लोग जरूरी काम न होने पर घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। गर्मी का असर सबसे अधिक राहगीरों, दिहाड़ी मजदूरों और छोटे व्यापारियों पर पड़ रहा है। तेज धूप और लू के कारण लोगों को चक्कर, सिरदर्द और थकान जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भी लोगों को दोपहर के समय बाहर न निकलने, अधिक से अधिक पानी पीने और सिर को ढककर रखने की सलाह दी है। वहीं गर्मी से राहत पाने के लिए लोग ठंडे पेय पदार्थ, फलों और छांव का सहारा ले रहे हैं। नगर में जगह-जगह सामाजिक संस्थाओं द्वारा मीठे पानी व शरबत की व्यवस्था भी की जा रही है, जिससे राहगीरों को कुछ राहत मिल सके। प्रशासन की ओर से भी लोगों को सावधानी बरतने की अपील की गई है। यदि बहुत जरूरी न हो तो दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचें और बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें।गर्मी के इस प्रकोप ने साफ कर दिया है कि फिलहाल लोगों को सतर्कता और सावधानी के साथ ही इस मौसम का सामना करना होगा।



जींद। मांगों को लेकर एडीसी को ज्ञापन सौंपते राजेश वशिष्ठ व अन्य।

## एमआरपी के मनमाने निर्धारण के खिलाफ किया प्रदर्शन

- अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने जताया विरोध, अतिरिक्त उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा और वस्तुओं पर अंकित एमआरपी के मनमाने निर्धारण के विरोध में आज अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की जींद इकाई द्वारा स्थानीय लघु सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन किया गया। संगठन के पदाधिकारियों और जागरूक नागरिकों ने सरकार से एमआरपी व्यवस्था में पारदर्शिता लाने तथा उपभोक्ताओं के आर्थिक शोषण पर रोक लगाने की मांग उठाई। कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश वशिष्ठ ने कहा कि वर्तमान समय में अनेक निर्माता कंपनियां वस्तुओं पर वास्तविक कीमत से कहीं अधिक एमआरपी अंकित कर रही हैं, जिससे आम उपभोक्ता भ्रमित हो रहा है और उसे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत एक गैर-राजनीतिक संगठन के रूप में ग्राहक जागरण अभियान के माध्यम से लगातार उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा के लिए कार्य कर रही है।

### कई मांगें रखीं

प्रदर्शन के दौरान संगठन ने सरकार के समक्ष कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। इनमें प्रमुख रूप से एमआरपी निर्धारण के लिए स्पष्ट एवं पारदर्शी नियम बनाने, प्रत्येक उत्पाद पर फर्स्ट सेलिंग प्राइस अर्थात निर्माता द्वारा निर्धारित मूल बिक्री मूल्य अंकित करना अनिवार्य करने तथा कंपनियों द्वारा अनुचित तरीके से बढ़ाए गए एमआरपी पर स त नियंत्रण लगाने की मांग शामिल रही। संगठन का कहना है कि यदि इन मांगों को लागू किया जाता है तो उपभोक्ताओं को वस्तुओं की वास्तविक कीमत की जानकारी मिल सकेगी और बाजार में पारदर्शिता बढ़ेगी। प्रदर्शन के उपरांत संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने जिला अतिरिक्त उपायुक्त के माध्यम से भारत सरकार एवं हरियाणा सरकार के मु यमंत्री के नाम एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उपभोक्ता संरक्षण कानून में आवश्यक संशोधन कर एमआरपी प्रणाली को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की मांग की गई। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार को इस विषय को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र प्रभावी कदम उठाने चाहिए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री नरेंद्र अत्री, मनोज शर्मा, मांगेराम, सुखबीर, विजय सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों ने बिखेरे हुनर के रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

डीएन मॉडल स्कूल में कक्षा आठवीं एवं 9वीं के विद्यार्थियों द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम उत्कृष्टता की गूंज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लाजवंती निदेशिका नव प्रगति स्कूल डाहौला उपस्थित रही।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नृत्यों ने दर्शकों को उत्साहित कर दिया। सामाजिक एवं शैक्षिक विषयों पर आधारित नाटिकाओं ने महत्वपूर्ण संदेश दिए। लोकतांत्रिक मूल्यों को दर्शाती युवा संसद प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। इसके अतिरिक्त गीत, भाषण एवं अन्य प्रस्तुतियों ने भी कार्यक्रम को प्रभावशाली बना दिया। प्रधानाचार्या मिनाक्षी गुप्ता ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि मंच बच्चों के व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने अध्यापकों एवं अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया तथा विद्यार्थियों को प्रतिभा को निरंतर निखारने के लिए प्रेरित किया। उप प्रधानाचार्या रूचि गुप्ता ने कार्यक्रम की सफलता पर बधाई दी। कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, टीम भावना एवं आत्मविश्वास का विकास करते हैं।



जींद। नृत्य की प्रस्तुति देते बच्चे। फोटो: हरिभूमि

# जल संरक्षण को दें प्राथमिकता : अपराजिता

- डीसी अपराजिता की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

हरियाणा सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्थाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और टिकाऊ बनाने के उद्देश्य से लागू की जा रही संचालन एवं रख-रखाव नीति-2026 के सफल क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को मुख्य सचिव हरियाणा अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में जिला कैथल से डीसी अपराजिता ने भाग लिया। बैठक में ग्रामीण जल आपूर्ति योजनाओं के संचालन एवं रख-रखाव को सामुदायिक भागीदारी के आधार पर मजबूत बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संचालन एवं रख-रखाव नीति-2026 को चरणबद्ध तरीके से प्रभावी रूप से लागू किया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्थाएं दीर्घकाल तक सुचारू रूप से संचालित रह सकें। बैठक में यह भी बताया गया कि नीति के तहत ग्राम जल एवं सीवरेज समितियों को जल आपूर्ति प्रणालियों के संचालन, निगरानी और जल बिल संग्रहण की जिम्मेदारी दी जाएगी। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से जल बिल संग्रह व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा ताकि योजनाओं की वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित की जा सके। डीसी अपराजिता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा जल स्त्रोतों के संरक्षण को प्राथमिकता दी जाए।



कैथल। डीसी अपराजिता अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

### पेयजल मुहैया कराने को सरकार गंभीर

डीसी ने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नई नीति के तहत ग्राम पंचायतों, ग्राम जल एवं सीवरेज समितियों तथा स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी से जल प्रबंधन व्यवस्था को अधिक जवाबदेह और पारदर्शी बनाया जाएगा। इससे ग्रामीण स्तर पर जल संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

## सफाई कर्मचारियों के महापड़ाव का दूसरा दिन

**नरवाना।** ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के महापड़ाव के दूसरे दिन कपास मंडी में गरजे और अन्य संगठनों ने उनको अपना समर्थन दिया जिनमें सर्व कर्मचारी संघ, किसान मजदूर संघ, दलित अधिकार मंच, नगरपालिका कर्मचारी संघ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संघ व अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और अपना समर्थन दिया। ब्लाक प्रधान विक्रम ने कहा कि पिछले 11 दिनों से ब्लाक और जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं और सरकार और मंत्रीमंडल के कानों पर जूं नहीं रेंग रही है। खुद को हमारा हितेषी कहने वाले मंत्री कृष्ण बेदी जो कहते हैं कि वो हमेशा सफाई कर्मचारियों के साथ हैं और मुख्यमंत्री हरियाणा के पास संगठन का वकील बनकर पैरवी करेंगे, लेकिन 48 डिग्री सेल्सियस तापमान में महिलाओ के साथ दो दिन से उसके हल्के में महापड़ाव लगा कर बैठ हैं, लेकिन उनके पास पूरे हरियाणा से आए लोगों के साथ मुलाकात करने का समय नहीं है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रदेशभर के राजकीय आईटीआई संस्थानों की दाखिला प्रक्रिया का शेड्यूल जारी

# आईटीआई में दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थियों का इंतजार खत्म, दो जून से ऑनलाइन आवेदन शुरू होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

महाविद्यालयों में यूजी कोर्स में दाखिले के साथ ही आईटीआई में दाखिला लेने के इच्छुक छात्रों का इंतजार खत्म हो गया है। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रदेशभर के राजकीय आईटीआई संस्थानों की दाखिला प्रक्रिया का शेड्यूल जारी कर दिया है। दो जून से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। जो 15 जून तक जारी रहेगी। इस बार 10वीं कक्षा में दोनों बोर्ड से 15 हजार से अधिक विद्यार्थी पास हो चुके हैं। वहीं 12वीं में भी 12 हजार से अधिक छात्र पास हो चुके हैं। जबकि जिलेभर की 25 राजकीय और निजी आइटीआई में विभिन्न ट्रेड में 5244 सीट हैं। इसमें से नौ राजकीय आइटीआई में 2688 और 16 निजी आइटीआइ में 2556 सीट हैं।





### प्राचार्य बोले

*राजकीय आईटीआई जींद के प्राचार्य नरेश कुमार ने बताया कि आईटीआई में दाखिले को लेकर शेडयूल जारी कर दिया गया है। दो जून से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। शेडयूल के साथ ही आईटीआई में हैल्प डैस्क भी स्थापित किया जाएगा ताकि दाखिले के लिए छात्रों को किसी तरह की परेशानी न आए।*

### कहां कितने विद्यार्थियों को मिलेगा प्रवेश

| आइटीआई का नाम | सीटों की संख्या |
| --- | --- |
| राजकीय आइटीआई जींद | 872 |
| राजकीय महिला आइटीआई जींद | 272 |
| राजकीय आइटीआई उचाना खुर्द | 152 |
| रजकीय महिला आइटीआई डूमरखा कलां | 184 |
| राजकीय आइटीआई नरवाना | 820 |
| राजकीय आइटीआई जुलाना | 212 |
| राजकीय आइटीआई मुआना | 88 |
| राजकीय आइटीआई खेड़ाखेमावती | 64 |
| सैनिक परिवार भवन आइटीआई जींद | 24 |
| पहल प्राइवेट आइटीआई जींद | 272 |
| सीआर किसान प्राइवेट आइटीआई जींद | 276 |
| नाथजी प्राइवेट आइटीआई | 108 |
| ज्ञान सागर प्राइवेट आइटीआई मोहलखेड़ा | 292 |
| जीपी न्यू प्राइवेट आइटीआई | 80 |
| नरवाना प्राइवेट आइटीआई | 256 |
| आर्य प्राइवेट आइटीआई उचाना खुर्द | 168 |
| आर्य प्राइवेट आइटीआई ललितखेड़ा | 140 |
| ओम प्राइवेट आइटीआई खेड़ाखेमावती | 128 |
| श्रीश्यामजी प्राइवेट आइटीआई शादीपुर | 216 |
| श्रीबालाजी प्राइवेट आइटीआई सफीदों | 80 |
| शनशाइन प्राइवेट आइटीआई उचाना | 88 |
| तक्षशीला प्राइवेट आइटीआई जुलाना | 108 |
| मयंक प्राइवेट आइटीआई रधाना | 40 |
| आकाश प्राइवेट आइटीआई | 224 |
| आकाश प्राइवेट आईटीआइ लिजवाना खुर्द | 80 |